पंजाब केसरी (Punjab Kesari)

दिनांक (Dated): 03.01.2025 | पृष्ठ सं० (Page No). 08 | क्रम सं०(Serial No.) 11

सीआईएसएफ में आत्महत्याओं पर काबू 2024 में 40 फीसदी की कमी दर्ज

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने आत्म हत्याओं पर नियंत्रण पाने में बड़ी सफलता हासिल की है। 2024 में आत्म हत्याओं की दर में 40 फीसदी की कमी दर्ज की गई है, जो पिछले पांच वर्षों में पहली बार राष्ट्रीय औसत से कम हुई है।

सीआईएसएफ में आत्म हत्याओं की दर 2024 में प्रति लाख 9.87 रही, जो 2023 में 16.98 प्रति लाख थी। इसकी तुलना में राष्ट्रीय औसत 2022 में प्रति लाख 12.4 था, जो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी किया गया। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड और असम राइफल्स में कुल 730 आत्महत्याओं की रिपोर्ट दर्ज की गई, जो इन बलों में मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों की गंभीरता को उजागर करता है। एम्स के सहयोग से किए गए एक अध्ययन में आत्महत्याओं के कई प्रमुख कारण सामने आए, जिनमें भावनात्मक समर्थन की कमी, वैवाहिक विवाद, आर्थिक चिंताएं, दीर्घकालिक बीमारियां, अकेलापन, तनाव साझा करने में असमर्थता, और कार्य-सम्बंधित दबाव शामिल हैं।